प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

29 मई 2023

निजी क्षेत्र के बैंकों के बोर्ड के निदेशकों के लिए सम्मेलन

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज निजी क्षेत्र के बैंकों के बोर्ड के निदेशकों के लिए एक सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का आयोजन मुंबई में किया गया। गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन का विषय था - 'बैंकों में सुशासन – धारणीय संवृद्धि और स्थिरता को बढ़ावा देना'। उप गवर्नर श्री एम. के. जैन और श्री एम. राजेश्वर राव के साथ भारतीय रिज़र्व बैंक के पर्यवेक्षण विभाग, विनियमन विभाग और प्रवर्तन विभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्यपालक निदेशकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सम्मेलन में भाग लिया।

गवर्नर ने हाल के दिनों में कई प्रतिकूल आघातों का सामना करते हुए बेहतर वित्तीय कार्य-निष्पादन के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान करने और आघात- सहनीयता बनाए रखने में बैंकों द्वारा निभाई गई भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने बैंकों के निदेशकों से सुशासन और आश्वासन कार्यों (जोखिम प्रबंधन, अनुपालन और आंतरिक लेखापरीक्षा) को और सुदृढ़ करने का आह्वान किया ताकि बैंक प्रारंभिक चरण में जोखिमों की पहचान कर उन्हें कम करने में सक्षम हो सकें। गवर्नर ने बैंकों के लिए निरंतर वित्तीय और परिचालनगत आघात-सहनीयता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

सम्मेलन में उप गवर्नरों के संबोधन तथा सुशासन और आश्वासन कार्यों, ऋण जोखिम, परिचालनगत जोखिम, आईटी/साइबर जोखिम एवं डेटा विश्लेषण पर तकनीकी सत्र शामिल थे।

भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्यपालक निदेशकों के साथ प्रतिभागियों के खुले वार्तालाप (ओपन हाउस इंटरैक्शन) के साथ सम्मेलन का समापन हुआ।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/299